समारोह : प्रदेश के आर्थिक विकास को और रफ्तार देने के लिए कई राजमार्गों और परियोजनाओं की हुई शुरुआत

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे की रखी नींव

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ-कानपुर के बीच 63 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस वे की बुधवार को नींव रखी गई। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के 22 हजार करोड़ रुपये की लागत से 821 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों के लोकार्पण, शिलान्यास व निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।

तेजी से होगा विकासः अमौसी एयरपोर्ट के पास आयोजित समारोह में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नये आर्थिक विकास युग की शुरुआत हुई है। आज कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे समेत कई महत्वपूर्ण इंफ्रा परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं से न केवल लखनऊ बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश में विकास की गति में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे को केवल एक एक्सप्रेस वे की तरह नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह एक 'इकोनॉमिक कॉरिडोर' के रूप में उभर कर सामने आएगा। यह एक्सप्रेस-वे यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ और कानपुर नोड को 'हाई स्पीड कनेक्टीविटी' देगा और इस कॉरिडोर की 'रीढ़ की हड्डी' का भी काम करेगा।

> प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आर्थिक विकास की नींव पड़ी है। इसमें गडकरी जी का बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में एक एक्सप्रेस वे था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में आज चार एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है।
>
> **राजनाथ सिंह**, केंद्रीय रक्षामंत्री

सड़कें अहम पेज 06

लखनऊ में बुधवार को राजमार्गों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ व अन्य नेतागण।

22 हजार करोड़ की लागत से 821 राजमार्गों का शिलान्यास-लोकार्पण

63 किमी लंबे लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस वे की लागत 4700 करोड़

एथनॉल का इस्तेमाल बढ़ेगा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन, एथेनॉल भविष्य के ईंधन हैं। जब एथेनॉल से गाड़ियां चलेंगी तो लोगों को राहत मिलेगी। हमारी कोशिश है कि अब देश में एथेनॉल की गाड़ी लायी जाए।

जेसीबी का प्रयोग अनैतिक संपत्ति ढहाने में:योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में एक तरफ से जेसीबी से निर्माण कार्यों को गति मिल रही है तो दूसरी तरफ यही जेसीबी माफियाओं, अपराधियों द्वारा अनैतिक तरीके से अर्जित सम्पत्ति को जमींदोज करने के लिए चल रही है। यूपी तेजी के साथ आगे बढ़ती हुई देश की एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। ब्योरा पेज 06

लखनऊ में आउटर रिंग रोड का काम तेजः गडकरी

केंन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का निर्माण पूरा होने से लखनऊ से कानपुर की दूरी महज 30 मिनट में पूरी हो जाएगी। लखनऊ में आउटर रिंग रोड का काम तेजी से चल रहा है। गोरखपुर से सिलगुड़ी तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बनेगा।

ब्योरा पेज 06